#2019/00277 1132
83/2019

FORM NO-III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत– **अपीलीय अधि0 एवं जिला कलक्टर** मुकाम **अजमेर**

पवन कुमार शर्मा **बनाम** लोक सूचना अधि0 एवं उपखण्ड अधिकारी, केकड़ी

किस्म मुकदमा–सूचना का अधिकार अधि.–2005 **प्रकरण संख्या 83 सन् 2019**

तारीख हुकम	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/10/2019	पत्रावली पेश हुई। अपीलान्ट की अपील का मूल आवेदन, स्मरण पत्र दिनांक 27.09.2019 एवं पत्रादि सहित अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी, केकडी द्वारा अपील के सन्दर्भ में प्रेषित टिप्पणी में तहसीलदार केकडी को अपीलान्ट/प्राथी को वांछित सूचना उपलब्ध करवाने बाबत पत्र दिनांक 24.9.2019 से निर्देशित किये जाने एवं प्रति अपीलान्ट को भिजवाये जाने का उल्लेख किया गया है। उपखण्ड अधिकारी/तहसीलदार केकडी को निर्दिष्ट किया जाता है कि प्रार्थी/अपीलार्थी को आदेश प्राप्ति के 10 दिवस में नियमानुसार उपलब्ध, देय सूचना/विनिश्चय से अवगत करवाया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही अपने कार्यालय में सूचना का अधिकार के तहत प्राप्त पत्रादि/आवेदनों का व्यवस्थित संधारण करें ताकि अपीलोत्तर एवं सूचना प्रदान करने में विलम्ब ना हों। अपील, अपीलान्ट इसी कदर से निस्तारित की जाती है। आदेश की प्रति उभय पक्ष को प्रेषित हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। V.M. Sharma (विश्व मोहन शर्मा) **जिला कलक्टर, अजमेर**	3319-20 22/10/19

कार्यालय जिला कलक्टर अजमेर

Scanned by CamScanner